गई थी। 2,508 मामलों में अंतिम उत्तर नहीं भेजे गये हैं।

(ग) रेल मंत्री को संबोधित पत्रों की पावती भेजी जाती है और आवश्यक होने पर क्षेत्रीय रेलों तथा अन्य फील्ड यूनिटों से यथावश्यक सूचना प्राप्त करके, उत्तर दिए जाते हैं।

रेल डिब्बों पर पेंट करने में अनियमितताएं

1677. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान रेलवे में डिब्बों को पेंट करने से संबंधित कार्य में अनेक अनियमितताओं का पता चला है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और

(ग) इन कदाचारों में कितने रेलवे अधिकारी लिप्त पाये गये और उन्हें क्या दण्ड दिया गया?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) सवारी डिब्बों को पेंट करने के लिए दिए गए ठेके से संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुई थी और इसे रेल सवारी डिब्बा कारखाना के सतर्कता विभाग को जांच के लिए भेज दिया गया है।

Fly-over bridge at Tindivanam Railway Station

3679. SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether the 'Fly over Bridge' at Tindivanam Railway Station has been proposed and sanctioned in this year's (1992) programme ;

(b) whrther the waste materals stored at various goods yards and stations of the Railways would be auctioned to wipe-off pilferage and theft Railway scarap properties ;

(c) whta is the number of Railway property theft cases filed during the year 1990-91 and those ended in conviction ; and

(d) whether there is any proposal to constitute a Special Court to deal with Railway offences apart from Honorary First Class Magistrate's Court in Railways ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) No, Sir.

(b) Sale of scrap/surplus stores through auctions, is regularly organised by the Railways.'

(c) Total number of cases filed in the courts for the year -1990-91 is 28,769. 4,773 cases ended in conviction during 1990-91.

(d) No, Sir.

पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा बड़े-बड़े ठेके दिया जाना

3680. **श्री राम अवधेश सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे द्वारा अपने क्षेत्र में दिये गये बड़े-बड़े ठेकों का ब्यौरा क्या है, और जिन पार्टियों को ठेके दिये गये उनका तथा उन ठेकों की अनुमानित लागत का ब्यौरा क्या है;

(ख) अतिपूर्ति के रूप में कितनी धनराशि अदा की गई है;

(ग) क्या यह सच है कि उच्च अधिकारी जिनमें प्रबंधक भी शामिल हैं, व्यापारियों के साथ मिल कर कलकत्ता, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, सिंदरी और दुर्गापुर सहनों पर कलकत्ता और मुंबई-

सराय के बीच परिवहन के लिए बुक कराये गये माल का रेल गाड़ियों में लदान ही नहीं कराते ;

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान क्षेत्रवार दी गई क्षतिपूर्ति की राशि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पूर्व क्षेत्र के वर्तमान महाप्रबंधक के कार्यकाल के दौरान अदा की गई क्षतिपूर्ति की राशि का ब्यौरा है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान पूर्व रेलवे द्वारा की गई भंडार की बड़ी खरीद (2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की) से संबंधित ब्यौरा विवरण में संलग्न है। **(नीचे देखिये)**

(ख) जुलाई, 1988 से जुलाई 1991 तक की अवधि के दौरान लगभग 37,900/- रुपये।

(ग) जी नहीं।

(घ) 1986-87 से 1990-91 तक पांच वर्ष की अवधि के दौरान गैर-सुपुर्दगी के कारण 91,946 रुपये की राशि के दो दावों का भुगतान किया गया था।

(ङ) कोई नहीं।

विवरण

क्रम सं.	फर्म का नाम	आर्डर दी गई मद और मात्रा	ठेके का मूल्य (करोड़ रु. में)
1.	मैं० बलफोर बिट्टी पावर कंस्ट्रक्शन लि. लिवरपूल, यू. के.	लाइटनिंग अरेस्टर्स– 859 अदद।	2.57
2.	मैं० किर्लोस्कर न्यूमैटिक के. लि., पुणे	मेन गियर व्हील– 156 सेट	4.90
3.	मैं० रेमी बरेरे ऐंग्रेनेज इंडस्ट्रीज फ्रांस।	मेन गियर व्हील असेम्बली 52 सेट	3.09
4.	मैं० बिडला जूट एंड इंडस्ट्रीज लि० कलकत्ता।	सीमेंट–15,950 एम टी	2.07
5.	मैं० सीमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि०	सीमेंट–20,400 एम टी	2.01
6.	मैं० इंडियन शूगर एंड जनरल इंजीनियरिंग कं., यमुनानगर	बोगी फ्रेम असेम्बली 69 अदद।	3.25